Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-02-2006

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

an>

Title : Need to provide Central assistance to Rajasthan as per Gadgil Formula for overall development of the State.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : माननीय सभापति जी, राजस्थान के साथ बहुत अन्याय होता है। राजस्थान का क्षेत्रफल तथा जनसंख्या घनत्व कम होने के कारण जन सामान्य को सेवाएं उपलब्ध कराने में प्रति इकाई लागत अधिक आती है। राजस्थान में मरुस्थल और पहाड़ी क्षेत्र है जिसका 60 प्रतिशत क्षेत्र मरुस्थलीय है। इस प्रदेश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत भी अधिक है। यहां राट्रीय औसत की तुलना में प्रति व्यक्ति आय भी कम है। राजस्थान में जो केन्द्रीय कार्यालय है, उनमें भी केन्द्रीय सहायता और धनराशि कम मात्रा में दी जा रही है।

मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि गाड़गिल मुखर्जी फर्मूले में क्षेत्र, मरुस्थल, आधारभूत ढ़ाचे के विकास का सूचकांक, अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति की जनसंख्या का प्रतिशत साक-जमा के कम अनुपात को भी समुचित महत्व दिए जाने का निवेदन कर राजस्थान को अधिक आर्थिक पैकेज उपरोक्त कारणों और गाडगिल फार्मूले के तहत अधिक धनराशि दी जाए। राजस्थान को पैसा मिलेगा, तो राजस्थान भी अन्य राज्यों के बराबर आ सकेगा।